# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की माता शबरी इकाई के स्वयंसेवक पंकज चौरसिया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

दिनांक 10 अप्रैल 2026, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की माता शबरी इकाई के सक्रिय स्वयंसेवक एवं बी. फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र श्री पंकज चौरसिया का चयन “MY Bharat Budget Quest 2026” के अंतिम चरण हेतु किया गया है। यह एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का वर्चुअल संवाद कार्यक्रम है, जिसमें प्रतिभागियों को भारत के माननीय प्रधानमंत्री के साथ संवाद का अवसर प्राप्त होगा।

उल्लेखनीय है कि देशभर से 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों के मध्य प्रतिस्पर्धा के उपरांत अंतिम चरण हेतु चयनित होकर श्री पंकज चौरसिया द्वारा अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं सशक्त अभिव्यक्ति का परिचय प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम का अंतिम चरण दिनांक 12 एवं 13 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें वे राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के विचारों का प्रतिनिधित्व करते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सुरेंदर सिंह द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सफलता विद्यार्थियों में निहित प्रतिभा एवं समर्पण का परिचायक है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव द्वारा श्री पंकज चौरसिया को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

